तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

14 खल्लारी विधायक ने लोगों को मनरेगा के ...

14 खेल जीवन में अनुशासन और जुझारूपन ...




## खबर संक्षेप

### परसुली से बनियातोरा पहुंच मार्ग के लिए भूमिपूजन आज

**नर्रा।** जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम आश्रित ग्राम बनियातोरा पहुंच मार्ग एवं सड़क निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम 13 जनवरी मंगलवार को प्रातः 11 बजे से रखा गया है। भूमिपूजन व लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपकुमारी चौधरी सांसद लोकसभा महासमुंद होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि में ऐतराम साहू जिलाध्यक्ष भाजपा, प्रीतम सिंह दीवान पूर्व विधायक, अल्का चंद्राकर डायरेक्टर इस्पात नई दिल्ली, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, दुबेलाल साहू, नितिन जैन भाजपा मंडल अध्यक्ष कोमाखान, लोचन पटेल जनपद सदस्य एवं प्राधिकृत अध्यक्ष परसुली, कलाराम नायक प्राधिकृत अध्यक्ष नर्रा सोसायटी, नवीन पटेल, भेखलाल सागर चंद्राकर, लता कुम्हार जनपद सदस्य बिंद्रावन, सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल ग्रापं परकोम, जलसिंह चक्रधारी सरपंच परसुली, लीला बाई दीवान सरपंच पंडरीपानी, खिलावन यादव उपसरपंच परकोम इत्यादि होंगे।

### सेलून संचालक से मारपीट

**महासमुंद।** सेलून संचालक से मारपीट के मामले में आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सेलून संचालक व गुडरुपारा निवासी मनोज सेन 11 जनवरी को करीबन 3 बजे गुडरूपारा हॉस्टल के पास पहुंचा था, तभी रास्ते में कुटु यादव ने गाली गलौज किए हो कहते हुए मारपीट कर दी। इसके बाद उसके दुकान पहुंचकर भी आरोपी ने गाली गलौज कर मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# बकायादारों पर विभाग की सख्ती, काटी बिजली तब किया भुगतान

## 225 उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई, विभाग ने कहाः जारी रहेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिजली राजस्व वसूली को लेकर विद्युत विभाग ने महासमुंद शहर में सख्त रुख अपनाते हुए अधीक्षण अभियंता, महासमुंद (वृत्त) वायके मनहर के निर्देशन में राजस्व वसूली हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा महासमुंद संभाग के कार्यपालन अभियंता पीआर वर्मा के नेतृत्व में महासमुंद शहर (जोन) अंतर्गत सोमवार 12 जनवरी को लंबित बिजली बिल बकाया वाले उपभोक्ताओं के विरुद्ध सामूहिक लाइन विच्छेदन की कार्रवाई की गई।

इस अभियान के दौरान महासमुंद शहर (जोन) में कुल 225 ऐसे उपभोक्ता चिन्हित किए गए, जिन पर कुल बकाया राशि 26,45,123 रुपए थी। कार्रवाई के तहत प्रमोद मिश्रा, जानकी बाई सारथी, चंपा बाई, गिरजा बाई साहू, अभिराम गाड़ा सहित अन्य बकायादार उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन विच्छेदित की गई।

लाइन विच्छेदन की कार्रवाई के पश्चात विभाग को सकारात्मक परिणाम भी प्राप्त हुए। विच्छेदन के बाद 30 उपभोक्ताओं द्वारा तत्परता दिखाते हुए कुल 3,60,696 रुपए की बकाया राशि का भुगतान किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि समय पर राजस्व वसूली सुनिश्चित की जा सके।

### लाइन जोड़ी तो होगी कानूनी कार्रवाई

विद्युत विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिन उपभोक्ताओं की लाइन काटी गई है, यदि उनके द्वारा अनधिकृत रूप से विद्युत लाइन जोड़ी जाती है, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### भुगतान करने की अपील

अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए अपने बकाया बिजली बिल की राशि का नियमित रूप से प्रत्येक माह भुगतान करें तथा विभाग का सहयोग करें। विद्युत विभाग का कहना है कि समय पर भुगतान से न केवल उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाया जा सकता है, बल्कि क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा सकेगी।

## समस्या : प्रशासनिक बाधाओं ने किसानों की बढ़ाई परेशानी, खरीदी 12 दिन ही शेष

# धान खरीदी के अंतिम दिनों में तुंहर टोकन ऐप ठप, सत्यापन के फेर में फंसे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का समय अब अपने अंतिम पड़ाव पर है, लेकिन जिले के किसानों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। खरीदी के आखिरी 12 दिनों में तकनीकी और प्रशासनिक बाधाओं ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। शासन द्वारा जारी तुंहर टोकन ऐप, जिसे किसानों की सुविधा के लिए बनाया गया हैं, अब काम नहीं कर रहा है। जैसे ही किसान ऐप खोलते हैं, स्क्रीन पर समिति से संपर्क करें का एरर मैसेज दिखाई देने लगता है।

जिले के हजारों किसान अपनी उपज बेचने के लिए टोकन काटने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सॉफ्टवेयर के लॉक होने की वजह से वे खुद टोकन जनरेट नहीं कर पा रहे हैं। स्थिति यह है कि अब सीधे सॉफ्टवेयर पर ही एक तरह का पहरा लगा दिया गया है। किसानों का आरोप है कि खरीदी के लक्ष्य को नियंत्रित करने के लिए जानबूझकर तकनीकी बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। समस्या केवल टोकन तक सीमित नहीं है। जिले की कई समितियों में धान का उठाव बहुत धीमी गति से हो रहा है। समितियों में धान के ऊंचे-ऊंचे ढेर लग गए हैं, जिसके कारण अब नई खरीदी के लिए जगह भी नहीं बची है। यदि जल्द ही मिलर्स या परिवहनकर्ताओं द्वारा धान नहीं उठाया गया, तो आने वाले दिनों में टोकन कटने के बावजूद किसान अपना धान केंद्र तक नहीं ला पाएंगे। जिले में अभी भी हजारों किसानों का धान घरों और खलिहानों में भंडारित है। कई किसानों ने एक या दो बार में अपना कुछ हिस्सा बेचा है, लेकिन शेष धान के लिए वे अब दर-दर भटक रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर सत्यापन की प्रक्रिया को तेज करने का दावा तो किया जा रहा है, लेकिन धरातल पर किसानों की कतारें और ऐप की खराबी कुछ और ही कहानी बयां कर रही हैं।






### बिना सत्यापन नहीं कट रहे टोकन

दूसरी ओर, समितियों में जाने पर भी राहत नहीं मिल रही है। अब नियम इतने सख्त कर दिए गए हैं कि किसान का रकबा चाहे एक एकड़ हो या दस, बिना जमीनी सत्यापन के टोकन नहीं काटा जा रहा है। ऊपर से आदेश है कि एक-एक खसरे की जांच के बाद ही धान लिया जाए। इस कड़े रुख के कारण सैकड़ों किसान रोजाना समितियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें बैरंग लौटना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान रज्जुराम एवं राजेंद्र कुमार ने बताया है कि मेरा आधा धान अभी भी घर में रखा है। पिछले तीन दिनों से ऐप पर कोशिश कर रहा हूं, लेकिन हर बार समिति जाने को कहा जाता है। समिति में जाने पर कहते हैं कि पटवारी सत्यापन के बाद ही टोकन मिलेगा। अब समझ नहीं आ रहा कि धान बिकेगा या घर में ही रह जाएगा।

### मकर संक्रांति और छुट्टियों का गणित

धान खरीदी के लिए अब गिनती के दिन बचे हैं। इस सप्ताह 14 जनवरी को मकर संक्रांति का अवकाश है। चूंकि सप्ताह में केवल पांच दिन ही खरीदी होती है, ऐसे में इस वाले हफ्ते में केवल चार दिन ही काम होगा। कुल मिलाकर अब केवल 10 से 12 कार्यदिवस बचे हैं। ऐसे में जो किसान अभी तक अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं, उनके मन में डर बैठ गया है कि क्या उन्हें इस साल मौका मिल पाएगा।

## वेल्डिंग दुकान से 1.20 लाख का सामान चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक वेल्डिंग दुकान से कॉपर वायर और अन्य सामान की चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। मामला शुभकामना गली गणेशपारा का है। बागबाहरा पुलिस को ऋषिकेश चंद्राकर ने बताया कि वह शुभकामना गली गणेशपारा मे चंद्राकर मोटर वाईडिंग दुकान का संचालन करता है। उसकी दुकान मे मोटर पंप, मोटर वाईडिंग से संबंधित नया-पुराना वह कॉपर तार, एवं पीतल बुश का सामान रहता है। 10 जनवरी की रात्रि लगभग 9 बजे अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। 11 जनवरी को लगभग 8.30 बजे दुकान में आकर देखा तो मेन शटर बंद था और बगल वाला शटर टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुआ था और लगभग 200 किलोग्राम नया-पुराना कॉपर तार एवं पीतल बुश कीमत लगभग 120000 रुपए नहीं था। किसी अज्ञात चोर ने मेरे दुकान से उक्त सामानों की चोरी कर ली। मामले में रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



## पिकअप वाहन में लगी आग धमाकों के साथ फटने लगे गैस सिलेंडर, जनहानि नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सरायपाली से संबलपुर ओडिशा रोड नेशनल हाईवे-53 पर स्थित छुईपाली राफेल चौक के पास उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब गैस सिलेंडरों से भरी एक पिकअप में अचानक आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने भयावह रूप ले लिया और वाहन में रखे सिलेंडर एक-एक कर जोरदार धमाकों के साथ फटने लगे। धमाकों की आवाज से पूरा इलाका कांप उठा और आसमान में आग की ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं।

घटना सिंघोड़ा थाना क्षेत्र के छुईपाली के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पिकअप चलते-चलते अचानक धुएं और आग से घिर गई। खतरे को भांपते हुए चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत वाहन से छलांग लगा दी। इसके कुछ सेकेंड बाद ही सिलेंडर बाहर आकर ब्लास्ट होने लगे। हादसे का वीडियो मौके पर मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिख रहा है कि किस तरह सिलेंडर धमाके के साथ फट रहे हैं और आग का गुबार दूर-दूर तक फैल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात रोककर हालात पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## अनियंत्रित हुई कार दुर्घटनाग्रस्त, महिला की मौत

**महासमुंद।** अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार कार के खेत में लगे तार घेरा से टकरा जाने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई। मामला ग्राम छांदनपुर के पास का है। रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हबीब बेग बसना ने बताया कि 9 जनवरी की उसकी मां सईदा बेगम दोपहर करीबन 2 बजे भैया नईम बेग के परिवार के साथ उनकी कार क्रमांक सीजी 04 एनई 6614 में पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने पिथौरा जाने के लिए निकली थी। ग्राम छांदनपुर के पास चालक द्वारा वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाने से से वह अनियंत्रित होकर खेत में मेड़ में लगे तार घेरा पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे सईदा बेगम को अंदरूनी चोंट आयी एवं भतीजी अमीमा फातिमा को भी चोट आयी। जिन्हें इलाज हेतु बसना के निजी अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान सईदा बेगम की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# राज्य छात्रवृत्ति योजना की प्रक्रिया जटिल सरलीकरण करने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सर्व अनुसूचित जाति समाज

- परीक्षा के समय में फार्म भरने में आ रही दिक्कत से छात्र व पालक व शिक्षक हो रहे परेशान

महासमुंद के पदाधिकारियों ने आदिम जाति कल्याण मंत्री व आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग के कार्यालय में लिखित ज्ञापन देकर छत्तीसगढ़ राज्य छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के लिए लागू की गई जटिल प्रक्रिया को सरलीकरण करने मांग की है।

सर्व अनुसूचित जाति समाज के सलाहकार दिनेश बंजारे, केआर सागर व संरक्षक विजय बंजारे, जिलाध्यक्ष रेखराज बघेल ने बताया कि शिक्षा सत्र के आखिरी समय में प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक के छात्रों की छात्रवृत्ति फार्म शिक्षकों द्वारा आनलाइन भरे जा रहे है। जिसमें वर्तमान आधार कार्ड अपडेट होने व खाद्य विभाग अर्थात राशन कार्ड में नाम दर्ज के साथ ई-केवाईसी होने, छात्र के स्वयं की बैंक खाता होने, आय जाति जैसे प्रक्रिया का अनिवार्य करने के कारण पालक, छात्र, शिक्षक परीक्षा के समय परेशान हो रहे हैं। पालक काम छोड़ कर बैंक, आधार अपडेट केंद्र व राशन दुकान की चक्कर लगा रहे हैं। चूंकि एससी-एसटी वर्ग के ज्यादातर प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक के छात्रों की स्वयं का बैंक खाता नहीं है। जिससे मानसिक शारीरिक और आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। वैसे मिडिल स्कूल तक के छात्रों के लिए आय प्रमाण पत्र की अनिवार्यता पहले नहीं थी। बैंक व पोस्ट आफिस में खाता खोलने के लिए पैसे जमा करना पड़ रहा है। शासन द्वारा जितनी राशि दी जाएगी उससे ज्यादा राशि खर्च हो जा रही है। बहुत से बच्चे छात्रवृत्ति योजना से वंचित हो जाएंगे। पूर्व वर्षों में इतनी जटिल प्रक्रिया नहीं थी। पालकों की खाता देने से भी जमा हो जाती थी। लेकिन, इस साल अंतिम समय में जटिल प्रक्रिया लागू करना एससी एसटी वर्ग के छात्रों को छात्रवृत्ति योजना से वंचित करने की साज़िश प्रतीत होती है। पहले सीधे स्कूल के माध्यम से बैंक में नगद भुगतान किया जाता था। जिससे दिसंबर में प्रथम किस्त जारी हो जाती थी, जिससे छात्रों को स्टेशनरी पुस्तक खरीदने में मदद मिलती थी। अतः शासन की मंशा ज्यादा से ज्यादा छात्रों को सरल तरीके से छात्रवृत्ति दिए जाने की होनी चाहिए।

## शराब की बिक्री कर ही महिला पर कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब बेचने के आरोप में ग्राम अछोला की एक महिला पर तुमगांव पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी धनेश्वरी कुर्रे पति विजय कोसले (25 साल) अछोला कब्जे से कुल 10 लीटर देशी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया। मामले में धारा 34(2) आबकारी एक्ट कार्रवाईकी गई।

# महापर्वः वराह वाहन पर सवार होकर आएंगी संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आस्था और परंपरा का महापर्व

- दान-पुण्य के साथ शुरू होंगे मांगलिक कार्य

मकर संक्रांति इस वर्ष जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सूर्य देव के धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते ही शुभ कार्यों पर लगा विराम हट जाएगा और जिले में शहनाइयों की गूंज फिर से सुनाई देने लगेगी। इस वर्ष संक्रांति का आगमन विशेष स्वरूप में हो रहा है, जिसे लेकर ज्योतिषीय गणनाओं और जनमानस में काफी उत्सुकता है। पंचांग के अनुसार, इस वर्ष संक्रांति का आगमन कुंवारी अवस्था में हो रहा है। देवी संक्रांति चंदन का लेप किए, वराह वाहन पर सवार होकर और हाथ में तलवार लिए प्रकट होंगी। उनका वस्त्र हरा होगा और उप-वाहन वृष रहेगा।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, संक्रांति जिस स्वरूप में आती है, उससे संबंधित वर्गों पर इसका प्रभाव पड़ता है। इस वर्ष आयुध (शस्त्र) बनाने वालों और वराह व वृषभ वर्ग के पशुओं को कष्ट होने की आशंका जताई गई है। साथ ही, हरे रंग की वस्तुओं, लोहे, तिलहन, चांदी और अनाज की कीमतों में तेजी आने की संभावना है। इस दिन लोग स्नान के पश्चात भगवान सूर्य की पूजा-अर्चना करेंगे और अपनी सामर्थ्य के अनुसार तिल, गुड़, गर्म कपड़े और खिचड़ी का दान करेंगे। ग्रामीण अंचलों में मकर संक्रांति के अवसर पर स्थानीय मेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी है, जो सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं।



### बाजारों में रौनक, तिल-गुड़ की खुशबू

पर्व को लेकर शहर सहित सरायपाली, पिथौरा, बसना और बागबाहरा जैसे नगरीय व ग्रामीण इलाकों के बाजारों में खासी रौनक देखी जा रही है। घर-घर में तिल के लड्डू, गजक और पारंपरिक व्यंजन बनाने की तैयारी चल रही है। बाजारों में रेडीमेड पकवानों की भी भारी मांग है। बच्चे और युवा पतंगबाजी के लिए उत्साहित हैं और दुकानों पर रंग-बिरंगी पतंगों व मांझे की खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ रही है।

### पुण्य काल और शुभ मुहूर्त

ज्योतिष गणना के अनुसार, सूर्य देव गुरुवार की मध्य रात्रि 1.25 बजे मकर राशि में प्रवेश करेंगे। चूंकि प्रवेश रात्रि में हो रहा है, इसलिए संक्रांति का मुख्य पुण्य काल 15 जनवरी (शुक्रवार) को सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहेगा। हालांकि, पर्व की शुरुआत 14 जनवरी से ही हो जाएगी। विशेष महापुण्य काल दोपहर 3.13 बजे से शाम 4.58 बजे तक रहेगा, जिसमें दान-पुण्य करना अत्यंत फलदायी माना गया है।

### धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों की तैयारी

जिले के विभिन्न नदी तटों और तालाबों पर स्नान के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। सिरपुर जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है। मान्यता है कि इस दिन सूर्य देव उत्तरायण होते हैं, जो नई ऊर्जा और खुशियों का प्रतीक है। खरमास समाप्त होने के साथ ही विवाह, मुंडन और गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्य भी शुरू हो जाएंगे।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
महासमुंद कार्यालय
मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव
पद 01
वेतन योग्यतानुसार एवं अनुभवी को प्राथमिकता
संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें-
हरिभूमि कार्यालय
(सुबह 11.00 से 1.00 बजे तक)
हरिभूमि कार्यालय, स्वामी चौक-महासमुंद


खबर संक्षेप



## बेलटुकरी में गौशाला का लोकार्पण, कौशल्या ने दिया गौ-संरक्षण का संदेश

**सरायपाली।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलटिकरी में गोविंद भीमागोपनाथ गौशाला का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। लोकार्पण अवसर पर कौशल्या साय ने गौमाता के संरक्षण एवं संवर्धन पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गौशालाएं केवल निराश्रित पशुओं का आश्रय नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, जैविक खेती को बढ़ावा देने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से गौ-संरक्षण के लिए सामूहिक सहभागिता निभाने और गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी एवं गौसेवकगण उपस्थित रहे।

# महान आध्यात्मिक गुरु और देशभक्त थे स्वामी विवेकानंदः विधायक योगेश्वर

## महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

12 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना संयुक्त इकाई द्वारा शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधायक एवं जनभागीदारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा, प्राचार्य करुणा दुबे व डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा पूजा एवं माल्यार्पण कर किया गया।

विधायक सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद एक महान आध्यात्मिक गुरु और देशभक्त थे, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म को विश्वभर में प्रसिद्ध किया। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास और आत्म-निर्भरता की प्रेरणा दी। उनके विचार आज भी हमें प्रेरित करते हैं और उनके आदर्शों को अपनाकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे ने स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस की



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके कृतित्व को अपने दैनिक जीवन में ग्रहण कर समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए आगे बढ़े। विवेकांनद का साहित्य युवाओं का प्रेरणास्त्रोत है। सभी युवा उनके चरित्रिक मूल्यों को अपनाए और स्वामी विवेकानंद का ध्येय वाक्य 'उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए' को आत्मसात कर जीवन में आगे बढ़े। माता भुवनेश्वरी एवं पिता विश्वनाथ के पुत्र नरेंद्र ने ईश्वर चंद्र विद्यासागर के मेट्रोपोलिटन संस्थान और कोलकाता विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्ति की। उन्हें इतिहास संस्कृति और दर्शनशास्त्र में गहरी रुचि थी। गुरुदेव रामकृष्ण परमहंस में उन्हें आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करते हुए भारत की गरिमा को विश्व प्रसिद्ध करने के लिए ज्ञान दिया। स्वामी ने 1893 का शिकागो में आयोजित विश्व धर्म सम्मेलन भारतीय दर्शन और वेदांत का ज्ञान सारे विश्व के सामने रखा और भारत को उसकी खोई हुई पहचान वापस दिलाने और विश्व मंच पर गौरवान्वित करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने आध्यात्मिक मुक्ति से ज्यादा महत्व गरीबों और बीमारों की सेवा को दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नीलम अग्रवाल द्वारा स्वामी के युवाओं के प्रति सजगता एवं उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि देवीचंद राठी, पवन पटेल, संदीप घोष, नईम खान, राजू चंद्राकर, विनोद रात्रे, अभिषेक पांडे, धर्मेंद्र महोबिया, पीयूष साहू सहित महाविद्यालय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आरके अग्रवाल, डॉ. दुर्गावती भारतीय, अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो पुरुष इकाई, राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो महिला इकाई, मुकेश साहू कार्यालय प्रमुख, दिलीप कुमार बढ़ई, सरस्वती सेठ, मनीराम धीवर, अजय कुमार देवांगन, टीकम साहू, डॉ. जगदीश सत्यम, वेद देवांगन, कुंदन देवांगन, सौरभ साहू, कपिल पेंदरिया, प्रकाशमणि साहू, रोहित ढीमर एवं महाविद्यालय अधिकारी-कर्मचारी, अतिथि व्याख्याता, जनभागीदारी व्याख्याता सहित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के वरिष्ठ स्वयंसेवक मनोज देवांगन, वर्षा, भुनेश्वरी, छाया, पोषण, कामता, धनराज महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार लहरे ने किया।

# राजपूत क्षत्रिय समाज का नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन



**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा रविवार को सामाजिक भवन नयापारा में नववर्ष मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम चंद्र की पूजा अर्चना व राजपूतों के आन बान व शान व शौर्य के प्रतीक स्वाधीनता आंदोलन के महानायक महाराणा प्रताप के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर अतिथियों के द्वारा प्रारंभ किया गया। विधायक सिन्हा ने इस दौरान राजपूत समाज के इतिहास को श्रीरामचंद्र से जुड़ा बताया। साथ ही राजपूत क्षत्रिय समाज का त्याग, तपस्या और बलिदान का इतिहास रहा है तथा राजपूत क्षत्रिय समाज के प्रतिवेदन पर उनके द्वारा विधायक निधि से 5 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि जिस प्रकार से महाराणा प्रताप का साथ उनके चेतक नहीं छोड़ा, उसी प्रकार वे भी चेतक की तरह राजपूत समाज के साथ हमेशा रहेंगे। इस अवसर पर समाज के सचिव देवनारायण सिंह बिसेन द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को कुलेश्वर सिंह ठाकुर, चंद्रशेखर सिंह गौर, समाज के अध्यक्ष उदयपाल सिंह भदौरिया, सरायपाली राजपूत समाज के अध्यक्ष रूबी राजपूत ने भी संबोधित किया। समाज के वरिष्ठ सदस्य अनंत सिंह ठाकुर द्वारा निजी भूमि को राजपूत क्षत्रिय समाज को दान दिए जाने पर उनका अतिथियों से शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा विधायक व नपाध्यक्ष को शाल व तलवार भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन गुमान सिंह ठाकुर ने किया। इस मौके पर समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें शाश्वत सिंह, आराध्या ठाकुर, विनती गौर, मेघा राजपूत, रैना ठाकुर, रिया ठाकुर, तान्या ठाकुर ने अपनी प्रस्तुति दी। इन्हें समाज की ओर से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विजय सिंह वर्मा, बलवंत सिंह ठाकुर, सम्पत सिंह, गौतम लहरी सिंह ठाकुर, मनोहर सिंह ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर, कल्याण सिंह ठाकुर, उपमा ठाकुर, आशा ठाकुर, परमेश्वर सिंह उर्फ पप्पू ठाकुर, शोभा राजपूत, दीपक ठाकुर, वैभव सिंह तोमर, माहेश्वरी ठाकुर, रुचि ठाकुर, सूर्यप्रताप सिंह ठाकुर, अंकुश ठाकुर, आदेश ठाकुर, धीरज सिंह बिसेन, देवेश सिंहदेव, उषा ठाकुर, तुलसी ठाकुर, जगमोहन सिंह ठाकुर, ललिता ठाकुर, श्यामा ठाकुर, रामध्यान सिंह ठाकुर सहित भारी संख्या में समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे। उक्ताशय की जानकारी समाज के संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष भरत सिंह ठाकुर ने दी।



# खेलों से युवाओं के व्यक्तित्व का निर्माण, शहीद नोहर सिंह का बलिदान सदैव प्रेरणा देगाः मुकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

ग्राम पंचायत छबर्रा में आयोजित शहीद नोहर सिंह ठाकुर स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस प्रदेश सचिव नरेंद्र सेन ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भीथीडीह उपसरपंच शैलेन्द्र डडसेना एवं ग्राम पंचायत की सरपंच नंदिनी दीवान उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि मुकेश यादव ने अपने ओजस्वी संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि इससे युवाओं में अनुशासन, संघर्ष और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने शहीद नोहर सिंह ठाकुर के बलिदान को



नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग क्षेत्र के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। साथ ही उन्होंने युवाओं से खेलों के साथ-साथ समाज सेवा में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रतियोगिता में लोहारडीह की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। ठकुरीपाली की टीम द्वितीय, पाटनदादर की टीम तृतीय तथा परसापाली की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। इस अवसर पर उपसरपंच श्याम सेन, शहीद परिवार से रणजीत ठाकुर सहित रूखमणी सेन, विष्णु ठाकुर, मुकेश पटेल, काशी धीवर, भगवनंतीन निर्मलकर, शीला पटेल, संतलाल सिन्हा, घनश्याम पटेल, अशोक नंद, गुणसागर पटेल, भागीरथी ध्रुव, शत्रुघन सिन्हा, जयभगवान निर्मलकर, तेजराम दीवान, सूरज यादव, धनसिंह दीवान सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं ज्योति जैन, पति -बसंत कुमार जैन , निवासी गाँधी चौक के पास गुडरू पारा महासमुंद 49344, ने अपने नाम में परिवर्तन किया है। अब से शपथपूर्वक मेरा नया नाम ज्योति लुनिया होगा। अतः भविष्य में मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, शैक्षणिक, बैंक तथा अन्य सभी अभिलेखों एवं दस्तावेज़ों में ज्योति लुनिया के नाम से जाना जाए।

पूर्व नाम : ज्योति जैन
नवीन नाम : ज्योति लुनिया
स्थान : महासमुंद
दिनांक : 12-01-2026

शपथकर्ता
ज्योति लुनिया
(पूर्व नाम – ज्योति जैन)



## खबर संक्षेप

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में लगा शिविर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में शिविर आयोजित किया गया। जहां 27 मानसिक रोग से ग्रस्त मरीज देखा गया। जिसमें साइकोसिस के 9, बीपीडी 5, डिप्रेशन 4, जीएडी 3, एडिक्टसन ऐल्कोहॉल विथ ड्राल 3, 3 अन्य मानसिक बीमारी मिले। सभी को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। आईनागेश्वर राव सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम, डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सीएचसी बसना डॉ नारायण साहू बीएमओ, डोलचंद नायक बीपीएम, डॉ राजीव पटेल, लोकेश पटेल आरएमए, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे आदि मौजूद रहे।

### लेखा प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 जनवरी तक

**महासमुंद।** संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन के आदेशानुसार आगामी लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2026 से जून 2026 के लिए 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 के मध्य की अवधि में आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। इस तिथि के पूर्व एवं पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र ही मान्य होगा। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला से मिली जानकारी के अनुसार लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च 2026 से जून 2026 के लिए 3 वर्ष की नियमित सेवा पूरी कर चुके लिपिक वर्गीय कर्मचारी अपने कार्यालय प्रमुख के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र भेज सकते है। यह आवेदन शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला नगर घड़ी चौक रायपुर को 31 जनवरी 2026 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। लिपिक वर्गीय कर्मचारी से आशय ऐसे कर्मचारी से है, जिनकी पदस्थापना लिपिकीय संवर्ग के पद पर हुई है।

**चौपाल : मनरेगा बचाओ संग्राम के माध्यम से गांवों में पहुंच रहे विधायक**

# खल्लारी विधायक ने लोगों को मनरेगा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा



खल्लारी विधायक व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने सोमवार को ग्रामीण क्षेत्र में जनसंपर्क कर लोगों को मनरेगा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार पर ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना को कमजोर करने और काम का अधिकार छीनने का आरोप लगाया है।

यहाँ यह बताना लाजिमी होगा कि केंद्र द्वारा मनरेगा की जगह एक नया कानून, विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जीरामजी) अधिनियम, लागू करने के बाद कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ संग्राम नाम से तीन चरणों वाला देशव्यापी आंदोलन शुरू करने की घोषणा की है। इसी तारतम्य में सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक यादव की अगुवाई में मनरेगा बचाओ संग्राम' के माध्यम से गांव जाकर केंद्र सरकार की नीतियों की सच्चाई जनता के सामने रखी गई। ग्राम बोडराबांधा में आयोजित चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण और गरीब लोगों को काम का अधिकार मिलता था, लेकिन इस योजना में बदलाव कर केंद्र सरकार राइट टू वर्क यानी काम का अधिकार खत्म कर रही है। नए प्रावधानों में 125 दिन का रोजगार देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन बीते दो वर्ष में भाजपा सरकार ने किसी भी ग्रामीण मजदूर को 100 दिन का रोजगार भी नहीं दिया तो 125 दिन का रोजगार देने की बात करना बेमानी है। लोगों को 30 से 35 दिन का काम भी मुश्किल से मिल पाएगा। विधायक यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति सम्मान के लिए यूपीए सरकार ने मनरेगा योजना लाया था। आज एनडीए सरकार उसको समाप्त कर बापू के सपने को चकनाचूर कर रही है। केंद्र सरकार की ओर से लाया गया नया वीबी-जी राम-जी अधिनियम मनरेगा की मूल भावना पर सीधा हमला है। यह कानून गरीबों, मजदूरों और ग्रामीण जनता के रोजगार के अधिकार को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि करोड़ों गरीब परिवारों की आजीविका की वैधानिक गारंटी है, जिसे किसी भी कीमत पर खत्म नहीं होने दिया जाएगा। मनरेगा देश के करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए केवल एक योजना नहीं, बल्कि काम के अधिकार और सम्मानजनक आजीविका की गारंटी है। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वीबी-जी राम-जी विधेयक मनरेगा की आत्मा को कमजोर करने वाला, संघीय ढांचे पर प्रहार करने वाला और गरीब-मजदूर विरोधी कदम है।



## खेल जीवन में अनुशासन और जुझारूपन की सीख देते हैं: स्वप्निल

**पिथौरा (ग्रामीण)।** यंग क्रिकेट क्लब द्वारा शहीद भगत सिंह खेल मैदान में आयोजित टी-20 ड्यूज बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यों की उपस्थिति में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष स्वप्निल तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मनोहर साहू ने की। विशिष्ट अतिथियों में राजेंद्र सिन्हा, परमीत सिंह माटा, विजय गुप्ता, राजेश बंसल, राजेश मिश्रा, ऋषिकेश शुक्ला, मानराखन ठाकुर, मुन्नू पांडे, प्रमोद सिन्हा, सोनू सेन सहित पत्रकार जगत के अनेक साथी शामिल रहे। आयोजन समिति द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अपने संबोधन में स्वप्निल तिवारी ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, जुझारूपन और जीत-हार को स्वीकार करने की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने युवाओं को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में मनोहर साहू ने कहा कि मैदान पर बिताया गया समय अनुशासन की सबसे बड़ी पाठशाला है और ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करती हैं। विशिष्ट अतिथि परमीत सिंह माटा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथियों ने खेल का आनंद लेते हुए खिलाड़ियों को ऊर्जा के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का सशक्त मंच मिल रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोमाखान




छग तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की प्रांतीय बैठक रायपुर में आहूत की गई। जिसमें बागबाहरा इकाई व कोमाखान क्षेत्र के संघ सदस्य शामिल हुए। इस संबंध में संघ के प्रांतीय संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा ने बताया कि यह बैठक राष्ट्रीय व प्रांतीय मांगों को लेकर अ.भा. राज्य कर्म. महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने की। उन्होंने बताया कि कर्म. संघ खेतिहर मजदूर, श्रम कानूनों में मनमाने ढंग से बदलाव कर रही है। जिसे लेकर बैठक में चिंता प्रकट की गई। बहरहाल इस संबंध में आंदोलन की तैयारी हेतु महाराष्ट्र स्थित शिर्डी में 23 जनवरी से 26 जनवरी तक कर्म. हितों को लेकर चर्चा होगी। उधर, राजधानी की बैठक में जिला ब्लाक के अध्यक्षगण के अलावा अतिथियों में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लामा, महासचिव कुमार, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत, प्रांतीय संरक्षक हरिवल्लभ शर्मा तथा बागबाहरा इकाई के आरके सिंह, जीएस ठाकुर, सुषमा शर्मा, मिनिकेतन चौधरी उपस्थित थे। अंत में बागबाहरा इकाई की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष व महासचिव का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। संचालन महामंत्री मुक्तेश्वर देवांगन ने किया।







